अब हिसार में ही मिलेगी पंजैरो स्पोर्ट

मित्सुबिशी रैंज की डीलरशिप का शुभारंभ

मित्सुबिशी रैंज की डीलरशिप के शुभारंभ अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुए अतिथिगण। (नारंग)

हिसार, 15 जुलाई (ब्यूरो): हिन्दुस्तान मोटर्स लिमिटेड ने मित्सुबिशी रैंज की डीलरशिप का शुभारंभ सोमवार को दिल्ली रोड, विद्युत नगर के सामने मै. कान्फिडैंट ऑटो मोबाइल्स शोरूम पर किया। यह जानकारी देते हुए मै. कान्फिडैंट ऑटो मोबाइल्स के डायरैक्टर अभिषेक जैन ने बताया कि मित्सुबिशी रैंज की सेल्स, सर्विस व स्पेयर्स की डीलरशिप का शुभारंभ हिन्दुस्तान मोटर्स मित्सुबिशी रैंज व्हीकल्स के सेल्स व चैनल एक्सपैंशन हैड आशीष कौल ने किया। इस डीलरशिप के तहत हिसार व आसपास के क्षेत्र के निवासियों को मित्सुबिशी की स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल पंजैरो खरीदने की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा में हिसार तीव्र विकसित व मैग्नेट सिटी के रूप में जाना जाता है। हिसार को स्टील सिटी के नाम से भी ख्याति मिली हुई है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि वर्ल्ड क्लास मित्सुबिशी व्हीकल्स पंजैरो अब इस मैग्नेट सिटी में उपलब्ध है। मैसर्ज कान्फिडैंट ऑटो मोबाइल्स के डायरैक्टर अभिषेक जैन ने बताया कि उनके 6750 स्क्वेयर फुट के सर्विस वर्कशॉप में 7 ब्वायस व 11 सर्विस अटैंडैंट्स एक साथ 15 गाड़ियों की सर्विसिंग करने की क्षमता रखते हैं। जैन ने बताया कि पंजैरो स्पोर्ट्स सुपर सिलैक्ट 4 व्हील ड्राइव, 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन, 2500 सी.सी. इंजन, 215 मि.मी. ग्राऊंड क्लीयरैंस, 178 पी.एस. पावर, 5.6 मी. टर्निंग रेडियस, मल्टीमीटर, ड्युअल एयर कंडीशनर, ड्युअल एयर बैग, ए.बी.एस. ई.बी.डी. सहित, हीटर, पावर विंडो, इलैक्ट्रोनिक्ली ओप्रेटिड डोर मिरर, 26/65 आर 17 इंच टायर की लैस एंट्री, फुल परफोरेटिड लैदर अपहोलस्ट्री डोर ट्रिम सहित, म्यूजिक सिस्टम 6 स्पीकर व 2 ट्विटर सहित, रियर विंडो डिफोगर, रियर सैंसर, ट्यूबलैस टायर व रूफएंटीना जैसी बहुत-सी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इस अवसर पर शहर के चिकित्सक, वकील, व्यापारी आदि वर्ग के अनेक गण्यमान्य नागरिक उपस्थित थे।